

# Competency Based Practice Questions

## Hindi - XII

**Co-created by**
Board of School Education Haryana
and
Educational Initiatives

# HOW TO USE THIS BOOKLET

**Dear Teachers and Students,**

The **Board of School Education Haryana** is pleased to present the **Competency-Bassed Practice Questions** booklet. This resource has been thoughtfully designed to help you deepen your understanding of key concepts and enhance your problem-solving skills. It includes **50 exemplar questions** carefully aligned with the curriculum to familiarize students with the format of **Competency-Based Questions**. These questions are intended to support targeted practice and develop the skills necessary to confidently approach a variety of question types in assessments.

**Best Ways for Teachers to Utilise This Resource**

1. Integrate into Classroom Teaching

- Use these questions to demonstrate how theoretical concepts translate into practical applications.
- Encourage group discussions to explore reasoning and understanding of concepts taught.

2. Scaffold Student Learning

- Start with simpler questions and guide students through the thought process.
- Gradually introduce more complex questions to build confidence and familiarity.

3. Incorporate into Assessments

- Use these questions in classroom quizzes or homework to help students adapt to the format.
- Provide feedback that emphasises reasoning over correctness, encouraging students to refine their understanding.

4. Focus on Skill Development

- Highlight how these questions nurture understanding, analysis and critical thinking.
- Use student responses to identify and address misconceptions effectively.

**Best Ways for Students and Parents to Utilise This Resource**

1. Focus on Conceptual Understanding

- Approach each question as a way to understand *why* and *how* a concept works, rather than simply finding the correct answer.

2. Practice Purposefully

- Don’t rush—break down the question, identify the concept it addresses, and plan your approach before solving it.

3. Use Feedback to Improve

- Treat mistakes as learning opportunities. Review incorrect answers to understand *what went wrong* and *how to improve*.
- Revisit similar questions to build confidence and mastery over the topic.

**Best Ways for Parents to Utilise This Resource**

1. Encourage Critical Thinking

- Spend time discussing questions and concepts, asking “Why?” and “How?”.

2. Create a Positive Environment

- Celebrate effort and curiosity, not just grades.
- Help your child view mistakes as opportunities to learn and grow.

3.Collaborate with Teachers

- Stay informed about competency-based assessments through school communications.
- Share observations and work with teachers to address any concerns or challenges.

**Final Message**

These practice questions are an excellent opportunity to strengthen your conceptual understanding and boost your confidence in solving competency-Based questions. For students, each question builds skills that will help you tackle similar challenges with ease. For teachers, this is a chance to mentor students in developing their thinking and problem-solving skills.

Start today—every effort you invest will prepare you not only for exams but for a lifetime of meaningful learning and success. Let’s make this journey toward competency-based education a meaningful and successful one!

**Board of School Education, Haryana**

# Contents

How to use this Booklet ........ 2

व्याकरण ........ 5

**Marking Scheme** ........ 6

**रचनात्मक लेखन** ........ 7

Marking Scheme ........ 8

**पाठ्य पुस्तक से संबंधित प्रश्न** ........ 9

Marking Scheme ........ 12

**अभिव्यक्ति और माध्यम** ........ 16

**Marking Scheme** ........ 18

**आदर्श जीवन मूल्य** ........ 20

**Marking Scheme** ........ 21

पठन बोध ........ 21

**Marking Scheme** ........ 23

व्याकरण

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>प्रश्न</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td>1</td><td>संधि और उसके उदाहरण के उचित मिलान वाला विकल्प पहचानिए।<br><table><tr><th>संधि</th><th>उदाहरण</th></tr><tr><td>(क) गुण संधि</td><td>(i) पवित्र</td></tr><tr><td>(ख) वृद्धि संधि</td><td>(ii) परमेश्वर</td></tr><tr><td>(ग) अयादि संधि</td><td>(iii) सदैव</td></tr></table><br>(A) (क)-(iii), (ख)-(i), (ग)-(ii)<br>(B) (क)-(i), (ख)-(ii), (ग)-(iii)<br>(C) (क)-(ii), (ख)-(i), (ग)-(iii)<br>(D) (क)-(ii), (ख)-(iii), (ग)-(i)<br><br>*[*कौशल : स्मरण*]*</td><td>1</td></tr>
<tr><td>2</td><td>*कथन (A) : 'मुखचंद्र' समस्तपद में कर्मधारय समास है।*<br>*कारण (R) : चंद्र रूपी मुख में उपमान-उपमेय का संबंध है।*<br><br>उपर्युक्त कथन-कारण के आधार पर उचित विकल्प चुनिए।<br>(A) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br>(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(D) कथन (A) सही किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br><br>*[*कौशल : अनुप्रयोग*]*</td><td>1</td></tr>
<tr><td>3</td><td>निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।<br>(A) भगतसिंह का देश ऋणी है।<br>(B) ऋणी देश भगतसिंह का है।<br>(C) देश ऋणी भगतसिंह का है।<br>(D) देश भगतसिंह का ऋणी है।<br><br>*[*कौशल : बोध-अवबोध*]*</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4</td><td>*मेघमय आसमान से उतर रही है संध्या सुंदरी परी-सी धीरे-धीरे।*<br><br>उपर्युक्त पंक्ति में ____________ अलंकार है।<br>(A) उपमा</td><td>1</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | (B) रूपक<br>(C) मानवीकरण<br>(D) अतिशयोक्ति<br><br>*[कौशल : स्मरण]* | |
| 5 | श्लेष अलंकार किसे कहते हैं? एक उदाहरण लिखिए।<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 2 |
| 6 | 'निर्मल' शब्द का संधि-विच्छेद करके भेद का नाम बताइए।<br><br>*[कौशल : स्मरण]* | 2 |
| 7 | 'जन्म से लेकर' समास विग्रह का समस्तपद लिखिए और भेद का नाम कारण सहित बताइए।<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 3 |
| 8 | *'सूर्यग्रहण के बाद स्वाति ने गंगाजल ग्रहण किया।'*<br><br>इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है और क्यों? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 3 |

**Marking Scheme**

| प्रश्न सं. | रुब्रिक | अंक |
|---|---|---|
| 1 | Correct Answer: D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि सही मिलान (क)-(ii), (ख)-(iii), (ग)-(i) है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि सही मिलान (क)-(ii), (ख)-(iii), (ग)-(i) है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि सही मिलान (क)-(ii), (ख)-(iii), (ग)-(i) है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि सही मिलान (क)-(ii), (ख)-(iii), (ग)-(i) है। | |
| 2 | **Correct Answer:** C<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| 3 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि भगतसिंह के त्याग को दर्शाने के संदर्भ में इस वाक्य का प्रयोग हुआ है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि भगतसिंह के त्याग को दर्शाने के संदर्भ में इस वाक्य का प्रयोग हुआ है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि भगतसिंह के त्याग को दर्शाने के संदर्भ में इस वाक्य का प्रयोग हुआ है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि भगतसिंह के त्याग को दर्शाने के संदर्भ में इस वाक्य का प्रयोग हुआ है। | |
| 4 | **Correct Answer:** C<br>यह विकल्प सही है क्योंकि इसमें मानवीकरण अलंकार है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि इसमें मानवीकरण अलंकार है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि इसमें मानवीकरण अलंकार है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि इसमें मानवीकरण अलंकार है। | |
| 5 | **Evaluation Criteria:**<br>• एक शब्द के अनेक अर्थ होने पर श्लेष अलंकार होता है।<br>• मेरी भव बाधा हरो, राधा नागरी सोय।<br>*श्लेष अलंकार की सही परिभाषा लिखने पर 1 अंक और सही उदाहरण लिखने पर 1 अंक दें।* | 2 |
| 6 | **Evaluation Criteria:**<br>• नि: + मल<br>• विसर्ग संधि<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 2 |
| 7 | **Evaluation Criteria:**<br>जन्म से लेकर - आजन्म<br>आजन्म - अव्ययीभाव समास<br>कारण - प्रथम पद अव्यय होने के कारण अव्ययीभाव समास है।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | 3 |
| 8 | **Evaluation Criteria:**<br>• यमक अलंकार<br>• ग्रहण की आवृत्ति दो बार हुई है। दोनों का अर्थ अलग है।<br>• ग्रहण - सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण; ग्रहण - ग्रहण करना।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |

**रचनात्मक लेखन**

| क्र. सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 9 | 'यदि मैं इतिहास में एक दिन यात्रा कर सकता' अप्रत्याशित विषय पर एक रचनात्मक लेख लिखिए।<br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 'अगर मेरे सपने सच हो जाते तो जीवन कैसा होता!' अप्रत्याशित विषय पर एक रचनात्मक लेख लिखिए।<br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 5 |
| 11 | *समय की व्यवस्था बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने कार्य को संगठित ढंग से निर्धारित समय में पूरा करना चाहिए। समय की व्यवस्था व्यक्ति को अनुशासन और संयम का आदान-प्रदान करने में मदद करती है। यह व्यक्ति को अनुचित चिंताओं से बचाती है और उसे सकारात्मक दिशा में अग्रसर रहने में मदद करती है।*<br><br>*(स्रोत : https://testbook.com/articles-in-hindi/samay-ka-mahatva#:~:text=)*<br><br>उपर्युक्त विचार को नाटक के आंशिक भाग के रूप में रूपांतरित कीजिए। किसी घटना का वर्णन करते हुए पात्रों के बीच संवाद लिखिए। संवाद में घटना का क्रमिक विकास स्पष्ट होना चाहिए।<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 5 |
| 12 | *17 नवंबर, 2024 को, भारत ने खुलासा किया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के तट पर देश की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जो एक नई हथियार प्रणाली के साथ सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मिसाइल पर बहु-श्रेणी प्रणालियों द्वारा नज़र रखी गई तथा इसके सफल टर्मिनल संचालन की पुष्टि डाउनरेंज जहाज़ स्टेशनों से प्राप्त उड़ान डेटा के माध्यम से की गई।*<br><br>उपर्युक्त समाचार में से किन्हीं छह ककारों को पहचानकर लिखिए।<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 5 |

Marking Scheme

| प्रश्न सं. | रुब्रिक | अंक |
|---|---|---|
| 9 | **Evaluation Criteria:**<br>• **विधा** - संस्मरणात्मक / स्मृति आधारित / कहानी / निबंध<br>• **कारण** - स्मृति आधारित - आज नई कार से खेलते हुए अपनी पुरानी गाड़ी की उससे तुलना करना, पुरानी यादों का स्मृति पटल पर छा जाना<br>• **मुख्य बिंदु** - घर के पास एक कबाड़ी की दुकान पर पुराना सामान बेचने जाना; भाई की पुरानी कार पर उसकी नज़र पड़ना; गाड़ी की वर्तमान स्थिति बताना और उसके साथ खेली गई पुरानी यादों को कल्पना में ताज़ा करना।<br>*विधा और कारण बताने पर 2 अंक दें तथा मुख्य बिंदु के लिए 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 5 |
| 10 | **Evaluation Criteria:**<br>• अपने मौलिक विचारों को प्रस्तुत करना<br>• विषय के अनुरूप लेख की विधा निर्धारित करना<br>• विचारों को लिखित रूप में व्यवस्थित करके प्रस्तुत करना<br>• विषय से संबंधित स्वतंत्र विचारों की शब्द सीमा निश्चित करना<br>• स्वतंत्र विचाराभिव्यक्ति होने के कारण मुख्य विषय से भटकने की संभावनाओं से बचने का प्रयास करना | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | *प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | |
| 11 | **Evaluation Criteria:**<br>• संदर्भ से मेल रखते हुए किसी विचार का चयन करना<br>• अपने शब्दों में घटना का वर्णन करना<br>• घटना का क्रमिक विकास प्रस्तुत करना<br>• प्रस्तुती के लिए पात्रों के बीच संवाद लेखन करना<br>• घटना व मुख्य विषय का संवादों से संबंधित होना<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही बिंदुओं पर भी विचार करें।* | 5 |
| 12 | **Evaluation Criteria:**<br>• क्या - देश की पहली लंबी दूसरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण<br>• कौन - रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन<br>• कब – 17 नवंबर, 2024<br>• कहाँ – ओड़िशा के तट पर<br>• कैसे – बहु-श्रेणी प्रणालियों द्वारा नज़र रखना और संचालन की पुष्टि डाउनरेंज जहाज़ स्टेशनों से प्राप्त उड़ान डेटा के माध्यम से करना<br>• क्यों – सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए<br><br>*इनमें से पाँच सही बिंदु लिखने पर 5 अंक दें।* | 5 |

**पाठ्य पुस्तक से संबंधित प्रश्न**

| क्र. सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 13 | *कथन (A) : भक्तिन को अपना वास्तविक नाम 'लक्ष्मी' का उपयोग करना पसंद था।*<br>*कारण (R) : 'लक्ष्मी' समृद्धि-सूचक नाम भक्तिन को अपने भाग्य के विपरीत लगता था।*<br><br>उपर्युक्त कथन-कारण के आधार पर उचित विकल्प चुनिए।<br>(A) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br>(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(D) कथन (A) सही किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br><br>*[*कौशल : अनुप्रयोग*]* | 1 |
| 14 | 'बाज़ार दर्शन' पाठ का मुख्य उद्देश्य लोगों को ___________ है।<br>(A) बाज़ारवाद की शोषण वृत्ति बताना और सार्थकता सिद्ध करना<br>(B) बाज़ार की आवश्यकता और मूल उद्देश्य से अवगत करना<br>(C) व्यर्थ में धन खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (D) बाज़ार के प्रति अनादर के भाव से ग्रसित करना<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | |
| 15 | *'क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं?'*<br><br>उपर्युक्त कथन में लेखक हमें अपने अंतर्मन में निहित भावों का ___________ करने के लिए प्रेरित कर रहा है। 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।<br><br>(A) मूल्यांकन<br>(B) अनुसरण<br>(C) संरक्षण<br>(D) आह्वान<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 1 |
| 16 | स्पर्धा के समय चाँद सिंह का पहले किंचित मुसकाना फिर बाज़ की तरह टूट पड़ना किस तरह के स्वभाव को अभिव्यक्त करता है?<br><br>(A) विनम्र<br>(B) शालीन<br>(C) अभिमानी<br>(D) हँसमुख<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 1 |
| 17 | 'शिरीष के फूल' पाठ में पलाश के वृक्ष के बारे में लेखक कहते हैं कि दस दिनों तक फूल देकर पूरे वर्ष बंजर बने रहने से तो पुष्पहीन वृक्ष होना बेहतर है। क्या आप लेखक से सहमत हैं? अपनी सहमति अथवा असहमति को कारण सहित समझाइए।<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 2 |
| 18 | दंगल के मैदान में चाँद सिंह लँगोट लगाकर क्या करता था और उसे 'शेर के बच्चे' का टायटिल कैसे प्राप्त हुआ? 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।<br><br>*[कौशल : स्मरण]* | 2 |
| 19 | अस्वाभाविक श्रम विभाजन के कारण 'व्यवसाय चुनने में परतंत्रता' और 'जातिगत पेशे की बाध्यता' के अतिरिक्त और कौन-सी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं? किन्हीं दो समस्याओं का उल्लेख कीजिए।<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 2 |
| 20 | भारतीय संस्कृति में नदियों का बहुत महत्व है। 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण से किन्हीं तीन उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | *[कौशल : बोध-अवबोध]* | |
| 21 | *मैं भव मौजों पर मस्त बहा करता हूँ!'*<br><br>'आत्मपरिचय' कविता की इस पंक्ति में कवि कहना चाहता है कि मैं __________ हूँ।<br>(A) दुनियादारी को प्रमुख मानता<br>(B) सांसारिक बंधनों से मुक्त<br>(C) मुश्किलों से दूर भागता<br>(D) इस संसार से विलग<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 1 |
| 22 | 'पंतग' कविता में निहित भावों वाला उचित विकल्प पहचानिए।<br>*(क) आनंद, मोह, चपलता*<br>*(ख) उन्माद, विषाद, कुंठा*<br>*(ग) प्रेम, साहस, उत्साह*<br><br>(A) केवल (क) और (ग)<br>(B) केवल (ख) और (ग)<br>(C) (क), (ख) और (ग)<br>(D) केवल (ख)<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 1 |
| 23 | *'जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,'*<br><br>'कवितावली' की इस पंक्ति के अनुसार वर्तमान परिप्रेक्ष्य के लिए उपयुक्त कथन पहचानिए।<br>(A) बरखा स्वयं व्यापार करती है।<br>(B) परिवार के सभी लोग व्यापार करना चाहते हैं।<br>(C) रोज़गार चले जाने से जुगल बेरोज़गारी से चिंतित है।<br>(D) जिनके पास नौकरी नहीं है, वे नौकरी की तलाश कर रहे हैं।<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 1 |
| 24 | समाचारकर्ता विकलांग व्यक्ति के दुख के बारे में बार-बार पूछकर __________ करना चाहता है। 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर सही विकल्प चुनिए।<br><br>(A) दर्शकों तक मुख्य समाचार प्रेषित<br>(B) अपनी संवेदना व्यक्त<br>(C) स्वयं को कुशल सिद्ध<br>(D) स्व-प्रस्तुति को प्रख्यात | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | [कौशल : बोध-अवबोध] | |
| 25 | *'गौर झिलमिल देह<br>जैसे हिल रही हो।'*<br><br>'उषा' कविता की इस पंक्ति में 'गौर झिलमिल देह' किसके लिए और क्यों प्रयुक्त किया गया है?<br><br>[कौशल : स्मरण] | 2 |
| 26 | 'बादल राग' कविता में बादलों में सृजन और ध्वंस का सामर्थ्य देखकर कवि निराला वर्षा ऋतु की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। आपको बादलों की कौन-सी विशेषता आकर्षित करती है और क्यों?<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 2 |
| 27 | 'बात सीधी थी पर' कविता में कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? कोई तीन बिंदु लिखिए।<br><br>[कौशल : बोध-अवबोध] | 3 |
| 28 | 'रुबाइयाँ' में फ़िराक गोरखपुरी ने जिन बालसुलभ व्यवहारों और माँ की कोमल भावनाओं का चित्रण किया है, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।<br><br>[कौशल : बोध-अवबोध] | 3 |
| 29 | *यशोधर बाबू का परिवार आधुनिकता की आँधी में बिखरता हुआ प्रतीत होता है।*<br><br>'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर कथन को सिद्ध कीजिए।<br><br>[कौशल : बोध-अवबोध] | 2 |
| 30 | 'जूझ' और 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के प्रमुख पात्र आनंदा और किशनदा दोनों का जीवन संघर्षमय रहा। पाठ के आधार पर दोनों पात्रों का तुलनात्मक अंतर लिखिए।<br><br>[कौशल : अनुप्रयोग] | 2 |
| 31 | मुअनजो-दड़ो की गलियों और राजस्थान में कौन-सी समानताएँ हैं? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>[कौशल : बोध-अवबोध] | 3 |
| 32 | *"अब तो डिजिटल ले लो एक जापानी। सस्ती मिल जाती है।"*<br><br>यह कथन किसने, किसे और किस उद्देश्य से कहा? 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>[कौशल : स्मरण] | 3 |

Marking Scheme

| प्रश्न सं. | रुब्रिक | अंक |
|---|---|---|
| 13 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है। | |
| 14 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि यह पाठ का मुख्य उद्देश्य है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह पाठ का मुख्य उद्देश्य नहीं है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह पाठ का मुख्य उद्देश्य नहीं है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह पाठ का मुख्य उद्देश्य नहीं है। | |
| 15 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि लेखक हमें अपने अंतर्मन में निहित भावों को समझने और मूल्यांकन करने के लिए कह रहा है। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि लेखक अनुसरण करने के लिए नहीं कह रहा है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि दिए गए कथन से इसका अर्थ ध्वनित नहीं होता है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि लेखक अपने अंतर्मन का आह्वान करने के लिए न कहकर, उनका मूल्यांकन करने के लिए कह रहा है। | |
| 16 | **Correct Answer:** C<br>यह विकल्प सही है क्योंकि इस भाव-भंगिमा में अहंकार निहित है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि इस भाव-भंगिमा में अहंकार निहित है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि इस भाव-भंगिमा में अहंकार निहित है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि इस भाव-भंगिमा में अहंकार निहित है। | |
| 17 | **Evaluation Criteria:**<br>• हाँ, मैं लेखक से सहमत हूँ। पलाश का पेड़ आकर्षक नहीं दिखता और छायादार भी नहीं होता है। ऐसे पेड़ का कोई फ़ायदा नहीं हैं।<br>• नहीं, मैं लेखक से असहमत हूँ। प्रकृति में विविध पेड़-पौधे और प्राणी होते हैं। सबके रूप-रंग, आकार अलग होते हैं। इससे विविधता बनी रहती है। सभी की अलग विशेषता होती है। केवल छाया या पुष्पों के आधार पर उनके बारे में कोई राय बना लेना अनुचित लगता है।<br>*लेखक के विचारों से सहमति /असहमति प्रकट करने और उसका कारण लिखने पर 2 अंक दें।* | 2 |
| 18 | **Evaluation Criteria:**<br>• चाँद सिंह उछल-उछलकर क्रीड़ा किया करता था।<br>• अपने समकक्ष सभी पहलवानों को हराने के कारण 'शेर के बच्चे' का टायटिल प्राप्त हुआ था। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | *प्रत्येक सही बिंदु के लिए एक अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | |
| 19 | **Evaluation Criteria:**<br>• बेरोज़गारी की समस्या बढ़ना<br>• अनुपयुक्त अथवा अपर्याप्त आर्थिक लाभ होना<br>• कार्य की गुणवत्ता में कमी होना<br>*किन्हीं दो बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 20 | **Evaluation Criteria:**<br>• नदियों को मोक्षदायिनी मानना<br>• नदियों के किनारे पर मेलों का लगना<br>• हर शुभ कार्य में गंगाजल का प्रयोग करना<br>• वर्षा न होने पर इंदर सेना का सबसे पहले 'गंगा मैया की जय' बोलना / गंगा नदी को 'माँ' का आदर देना<br>• देश के सभी प्रमुख नगरों का नदियों के तट पर बसा होना / नदियों के किनारे ही सभ्यताओं का विकसित होना।<br>*किन्हीं तीन सही उदाहरणों के लिखने पर 3 अंक दें। अन्य सही बिंदुओं पर भी विचार करें।* | 3 |
| 21 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कवि स्वयं को सांसारिक बंधनों से मुक्त मानकर स्वच्छंद विचरण करते हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि स्वयं को सांसारिक बंधनों से मुक्त मानकर स्वच्छंद विचरण करते हैं। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि स्वयं को सांसारिक बंधनों से मुक्त मानकर स्वच्छंद विचरण करते हैं। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि स्वयं को सांसारिक बंधनों से मुक्त मानकर स्वच्छंद विचरण करते हैं। | |
| 22 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि (ख) गलत है तथा (क) और (ग) सही हैं। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि (ख) गलत है तथा (क) और (ग) सही हैं। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि (ख) गलत है तथा (क) और (ग) सही हैं। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि (ख) गलत है। | |
| 23 | **Correct Answer:** C<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कविता की पंक्ति जीविका विहीन लोगों के सोच के वश होने की बात कहती है। यह अर्थ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस वाक्य से संबंध रखता है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि कविता की पंक्ति का अर्थ इससे मेल नहीं रखता है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कविता की पंक्ति का अर्थ इससे मेल नहीं रखता है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कविता की पंक्ति का अर्थ इससे मेल नहीं रखता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि प्रस्तुतकर्ता का उद्देश्य अपनी प्रस्तुति को लोकप्रिय बनाना है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रस्तुतकर्ता का उद्देश्य अपनी प्रस्तुति को सफल बनाना है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रस्तुतकर्ता का उद्देश्य अपनी प्रस्तुति को सफल बनाना है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रस्तुतकर्ता का उद्देश्य अपनी प्रस्तुति को सफल बनाना है। | |
| 25 | **Evaluation Criteria:**<br>• सूर्योदय के समय दिखाई देने वाली किरणों के लिए<br>• जल में झिलमिल करती हुई ये किरणें किसी अप्सरा के नृत्य करने का आभास कराती हुई प्रतीत होने के कारण<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 26 | **Evaluation Criteria:**<br>• कौन-सी - बादलों की निष्पक्षता<br>• क्यों - अमीर-गरीब, किसान-व्यापारी, देश-विदेश, शेर-बकरी किसी के बीच भेदभाव न करना / सभी को समान रूप से जल उपलब्ध कराना<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 27 | **Evaluation Criteria:**<br>• भाषा की जटिलता से बात प्रभावहीन हो जाती है। यह भाषा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए।<br>• हर समस्या का निवारण करने के लिए धैर्य से विचार करना चाहिए।<br>• दूसरों की वाहवाही प्राप्त करने की होड़ में नहीं पड़ना चाहिए।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 28 | **Evaluation Criteria:**<br>• माँ द्वारा गोद में लेकर झुलाना तो कभी हवा में उछालना और बच्चे का खिलखिलाकर हँस देना<br>• माँ द्वारा नहलाना, कपड़े पहनाना, कंघी करना, निहारना और बच्चे द्वारा नहाने का पानी छलकाना<br>• दीपावली की शाम चीनी के खिलौने लाना और बच्चों के घरौंदे में दीपक जलाना<br>• बच्चे द्वारा चाँद पाने की ज़िद करना और माँ द्वारा दर्पण में चाँद दिखाकर बच्चे का मन बहलाना<br>*किन्हीं तीन सही बिंदुओं के लिए 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 29 | **Evaluation Criteria:**<br>• यशोधर बाबू का परिवार आधुनिकता को मानने वाला था। / परिवार के सदस्यों में अपनेपन की अपेक्षा दिखावे की प्रवृत्ति घर कर रही थी।<br>• यशोधर बाबू की तरह परंपराओं में जकड़ा हुआ नहीं था। / सभ्यता-संस्कृति का पालन करना बोझ मानते थे। उनका परिवार संस्कारों और संस्कृति का पालन करने वाला नहीं था।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | **Evaluation Criteria:**<br>• आनंदा के जीवन संघर्ष ने उसकी कविता लेखन की कला को विकसित किया। मास्टरों के व्यवहार और वसंत की दोस्ती से पाठशाला में उसका विश्वास बढ़ने लगा।<br>• किशनदा पुरानी परंपराओं में जकड़े रहे। उसी से संघर्ष करते रहे। आधुनिकता को न अपना सके। सादा रहन-सहन, सरल जीवन शैली व्यतीत करने वाले व्यक्ति थे।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 31 | **Evaluation Criteria:**<br>• राजस्थान के पुराने गाँव की तरह गलियाँ होना<br>• घरों की बनावट जैसेलमेर के गाँव के घरों की तरह होना<br>• कुएँ, कुंड, गली और कच्ची-पक्की ईंटों के मकान की समानता<br>• जैसेलमेर के कुलधरा गाँव के घरों की तरह दीवार, प्रवेश-द्वार और खिड़कियों में समानता<br>• खेती में समानता<br>*किन्हीं तीन बिंदुओं के लिखने पर 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 32 | **Evaluation Criteria:**<br>• किसने - चड्ढा साहब ने<br>• किससे - पंत जी से<br>• उद्देश्य - अपने धृष्ट स्वभाव के कारण / पंत जी को अपमानित करने के उद्देश्य से<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |

**अभिव्यक्ति और माध्यम**

| क्र. सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 33 | निम्नलिखित शब्दावली के आधार पर पत्रकारीय लेखन में उपयोग किए जाने वाले शब्दों के सही विकल्प का चुनाव कीजिए।<br>*(क) अस्वाभाविकता*<br>*(ख) कल्पनात्मकता*<br>*(ग) तात्कालिकता*<br>*(घ) तथ्यात्मकता*<br><br>विकल्प-<br>(A) केवल (क) और (ख)<br>(B) केवल (ख) और (घ)<br>(C) केवल (क) और (ग)<br>(D) केवल (ग) और (घ)<br><br>***[**कौशल : बोध-अवबोध**]*** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 34 | *हालदार साहब ने पानवाले से पूछा, "नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है?"*<br><br>संचार के तत्त्वों के अनुसार इस संवाद में हालदार साहब ___________ हैं और पानवाला ____________ है।<br><br>(A) संचारक, प्राप्तकर्ता<br>(B) संदेशवाहक, स्रोत<br>(C) प्रचारक, माध्यम<br>(D) प्रेरक, उद्घोषक<br><br>***[**कौशल : बोध-अवबोध**]*** | 1 |
| 35 | *रन, गली, स्लिप, कॉर्नर, पेनाल्टी स्ट्रोक, फ्री हिट*<br><br>राघव ने निबंध प्रतियोगिता के लिए समाचार पत्र से इन शब्दों का चयन किया है। इन शब्दों को पुनः देखने के लिए उसे समाचार पत्र के किस पृष्ठ को खोलना होगा?<br>(A) सामाजिक मुद्दों वाले पृष्ठ को<br>(B) खेल जगत वाले पृष्ठ को<br>(C) शिक्षा क्षेत्र वाले पृष्ठ को<br>(D) मनोरंजन वाले पृष्ठ को<br><br>***[**कौशल : बोध-अवबोध**]*** | 1 |
| 36 | नाटक में दृश्यों का क्रमिक विकास ___________ से सुनिश्चित होता है।<br><br>(A) अनुकूल वातावरण<br>(B) सजीव अभिनय<br>(C) पार्श्व संगीत<br>(D) संवादों<br><br>***[**कौशल : स्मरण**]*** | 1 |
| 37 | *शशांक रात के 12 बजे तक पढ़ रहा है। अचानक बिजली चली गई। वह अपनी किताबें खिसकाता है और माचिस की तीली से मोमबत्ती जलाता है।*<br><br>उपर्युक्त दृश्य को रेडियो नाटक में प्रस्तुत करने के लिए किन बिंदुओं का दृश्यावलोकन होगा? सही विकल्प चुनिए।<br><br>(क) बिजली चली जाने की ध्वनि सुनाई देगी।<br>(ख) रात के सन्नाटे में कीड़ों की आवाज़ें सुनाई देंगी।<br>(ग) रात के 12 बजे का समय पात्र के संवाद से अभिव्यक्त होगा।<br>(घ) किताबें सरकाने एवं माचिस की तीली से मोमबत्ती जलाने की आवाज़ ध्वनियों के माध्यम से सुनाई देगी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | विकल्प-<br>(A) केवल (क), (ख)<br>(B) केवल (ख), (ग)<br>(C) केवल (क), (ख) और (घ)<br>(D) केवल (ख), (ग) और (घ)<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | |
| 38 | *चेतन कर्तव्यनिष्ठ और विनम्र है।*<br><br>कहानी में चेतन की दोनों चारित्रिक विशेषताओं का परिचय किस प्रकार दिया जाना चाहिए? 'कैसे लिखें कहानी' पाठ के आधार पर लिखिए।<br><br>*[कौशल : अनुप्रयोग]* | 2 |
| 39 | रेडियो समाचार लेखन के लिए किन बातों का होना अनिवार्य होता है? किन्हीं चार बिंदुओं का उल्लेख कीजिए।<br><br>*[कौशल : स्मरण]* | 2 |
| 40 | सृजनात्मक और पत्रकारीय लेखन में तीन अंतर लिखिए।<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 3 |
| 41 | *एक नाटककार का कुशल संपादक होना आवश्यक होता है।*<br><br>कथन को सिद्ध करने के लिए तीन कारण लिखिए।<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | 3 |

**Marking Scheme**

| प्रश्न सं. | रुब्रिक | अंक |
|---|---|---|
| 33 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि पत्रकारीय लेखन में केवल (ग) और (घ) में उल्लिखित शब्दों का प्रयोग होगा। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि पत्रकारीय लेखन में केवल (ग) और (घ) में उल्लिखित शब्दों का प्रयोग होगा। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि पत्रकारीय लेखन में केवल (ग) और (घ) में उल्लिखित शब्दों का प्रयोग होगा। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि पत्रकारीय लेखन में केवल (ग) और (घ) में उल्लिखित शब्दों का प्रयोग होगा। | |
| 34 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि हालदार साहब अपने विचारों का संचार कर रहे हैं और पानवाला उन्हें प्राप्त करके प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि हालदार साहब अपने विचारों का संचार कर रहे हैं और पानवाला उन्हें प्राप्त करके प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि हालदार साहब अपने विचारों का संचार कर रहे हैं और पानवाला उन्हें प्राप्त करके प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि हालदार साहब अपने विचारों का संचार कर रहे हैं और पानवाला उन्हें प्राप्त करके प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है। | |
| 35 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि इसमें खेल जगत की शब्दावली दी गई है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि इसमें खेल जगत की शब्दावली दी गई है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि इसमें खेल जगत की शब्दावली दी गई है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि इसमें खेल जगत की शब्दावली दी गई है। | |
| 36 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि नाटक में संवाद ही उसके विकास क्रम को सुनिश्चित कर सकते हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि नाटक में संवाद ही उसके विकास क्रम को सुनिश्चित कर सकते हैं। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि नाटक में संवाद ही उसके विकास क्रम को सुनिश्चित कर सकते हैं। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि नाटक में संवाद ही उसके विकास क्रम को सुनिश्चित कर सकते हैं। | |
| 37 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि केवल (क), (ख) और (घ) सही दृश्यावलोकन प्रस्तुत करने वाले बिंदु हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि केवल (क), (ख) और (घ) सही दृश्यावलोकन प्रस्तुत करने वाले बिंदु हैं। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि केवल (क), (ख) और (घ) सही दृश्यावलोकन प्रस्तुत करने वाले बिंदु हैं। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि केवल (क), (ख) और (घ) सही दृश्यावलोकन प्रस्तुत करने वाले बिंदु हैं। | |
| 38 | **Evaluation Criteria:**<br>• अन्य पात्र के संवादों द्वारा चेतन के चरित्र की चारित्रिक विशेषताओं पर चर्चा करना<br>• पात्र (चेतन) के क्रियाकलापों द्वारा उसकी चारित्रिक विशेषताओं को व्यक्त करना<br>*इनमें से किसी एक माध्यम द्वारा पात्र की दोनों विशेषताओं का उल्लेख करने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 39 | **Evaluation Criteria:**<br>• संक्षिप्ताक्षरों का प्रयोग<br>• साफ़-सुथरी और टंकित प्रतिलिपि (टाइप कॉपी)<br>• समय सीमा का पालन (डेडलाइन), संदर्भ का प्रयोग<br>• लेखन में जटिल और उच्चारण में कठिन शब्दों का ध्यान रखना<br>• आवश्यकतानुसार अंकों का प्रयोग न करके उन्हें वर्तनी में लिखा जाना | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | *किन्हीं चार बिंदुओं के लिखने पर 2 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | |
| 40 | **Evaluation Criteria:**<br>• सृजनात्मक लेखन कल्पना पर आधारित साहित्य होता है तथा पत्रकारीय लेखन तथ्य पर आधारित होता है।<br>• सृजनात्मक लेखन संबंधित समुदाय के लिए लिखा जाने वाला साहित्य है तथा पत्रकारीय लेखन विशाल समुदाय के लिए लिखा जाने वाला साहित्य है।<br>• सृजनात्मक लेखन में अलंकारयुक्त संस्कृतनिष्ठ भाषा-शैली का निसंकोच प्रयोग किया जाता है किंतु पत्रकारीय लेखन में गूढ़ विषय के लिए भी सरल, सहज और रोचक भाषा-शैली का प्रयोग होता है।<br>• सृजनात्मक लेखन में वैचारिक स्वतंत्रता के लिए पर्याप्त स्थान होता है किंतु पत्रकारीय लेखन पाठक वर्ग की रुचि और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तत्कालीन परिस्थितियों के आधार पर लिखा जाता है।<br>• सृजनात्मक लेखन में विशेषणों से सज्जित विस्तृत शब्द भंडार का प्रयोग करने की स्वतंत्रता होती है तथा पत्रकारीय लेखन में सरल शब्द और छोटे वाक्यों की रचना होती है, जिनमें दोहराव अथवा विशेषणों का प्रयोग न किया गया हो।<br>*किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख करने पर 3 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |
| 41 | **Evaluation Criteria:**<br>• नाटक मंच पर मंचित होने के कारण<br>• घटनाओं, स्थितियों या दृश्य का चुनाव करने के कारण<br>• दृश्य का आरंभ से अंत तक क्रमिक विकास दर्शाने के कारण<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 3 |

**आदर्श जीवन मूल्य**

| क्र. सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 42 | 'दुविधा से ऊपर उठो' पाठ में 'इंद्रिय संयम' का क्या अर्थ है और इससे क्या लाभ होगा?<br>*[*कौशल : बोध-अवबोध*]* | 2 |
| 43 | 'संतुलित जीवन' पाठ के आधार पर बताइए कि आप अपने विद्यार्थी जीवन में असफलता को सफलता में बदलने के लिए क्या करेंगे?<br>*[*कौशल : अनुप्रयोग*]* | 2 |
| 44 | 'कार्य में कुशलता' पाठ के आधार पर भय और क्रोध के कोई दो प्रभाव बताइए।<br>*[*कौशल : बोध-अवबोध*]* | 2 |
| 45 | सुख और दुख से क्या अभिप्राय है? 'शांत जीवन उन्नत मन' पाठ के आधार पर लिखिए।<br>*[*कौशल : बोध-अवबोध*]* | 2 |

**Marking Scheme**

| प्रश्न सं. | रुब्रिक | अंक |
|---|---|---|
| 42 | **Evaluation Criteria:**<br>• इंद्रिय संयम का अर्थ इंद्रियों का निरर्थक उपयोग करने से बचना है।<br>• इससे विद्यार्थियों में मनोबल बढ़ता है और मन में एकाग्रता आती है।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 43 | **Evaluation Criteria:**<br>• अपने जीवन में धैर्य, उत्साह और आत्मविश्वास को बनाए रखेंगे।<br>• अपनी गलतियों और त्रुटियों से सीखकर उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 44 | **Evaluation Criteria:**<br>• मन आशंकाओं से भर जाना और आत्मविश्वास भी कम होना।<br>• मानसिक रूप से कमज़ोर होना और एकाग्रता का भंग होना।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |
| 45 | **Evaluation Criteria:**<br>• सुख का मतलब मन की स्थिरता से है और दुख का मतलब मन की अस्थिरता से है।<br>• यदि मन स्थिर नहीं है तो सभी भौतिक सुख-सुविधाओं के होते हुए भी मन दुखी ही रहेगा। मन स्थिर हो तो अभाव में भी सुखद अनुभव होगा।<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही उत्तर पर भी विचार करें।* | 2 |

**पठन बोध**

| क्र. सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| | निम्नलिखित कविता को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों को उत्तर दीजिए। | |
| | प्रार्थना में शक्ति है ऐसी कि वह निष्फल नहीं जाती।<br>जो अगोचर कर चलाते हैं जगत को,<br>उन करों को प्रार्थना नीरव चलाती है। [1]<br><br>प्रार्थना से जो उठा है पूत होकर<br>प्रार्थना का फल उसे तो मिल गया। [2]<br>अर्थ नीचे ही यदि रह गया,<br>शब्द क्या उड़ते जाते हैं? | |

| | | |
|---|---|---|
| | अर्थ के बिना शब्द हे मित्र!<br>स्वर्ग तक पहुँच न पाते हैं। [3]<br><br>*- रामधारी सिंह 'दिनकर'*<br><br>*स्रोत - 'प्रार्थना'- http://surl.li/qygwbg* | |
| 46 | कवि के अनुसार प्रार्थना में अर्थ के बिना शब्दों का ___________ होता है।<br>(A) चित्रण<br>(B) महत्व<br>(C) अस्तित्व नहीं<br>(D) उच्चारण नहीं<br><br>***[**कौशल : बोध-अवबोध**]*** | 1 |
| 47 | *कथन (A) : मनुष्य की प्रार्थना सफल होती है।*<br>*कारण (R) : प्रार्थना में असीम शक्ति होती है।*<br>उपर्युक्त कथन-कारण के आधार पर उचित विकल्प चुनिए।<br><br>(A) कथन (A) सही किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(B) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(C) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(D) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।<br><br>***[**कौशल : अनुप्रयोग**]*** | 1 |
| 48 | प्रार्थना से ___________ मिलता है। **गलत** विकल्प चुनिए।<br>(A) अहंकार<br>(B) सामर्थ्य<br>(C) शक्ति<br>(D) बल<br><br>***[**कौशल : बोध-अवबोध**]*** | 1 |
| 49 | कविता का मूल भाव पहचानिए।<br>(A) अर्थयुक्त शब्दों की प्रार्थना का महत्व<br>(B) अर्थहीन शब्दों से प्रार्थना करना<br>(C) प्रार्थना में शब्दों की अधिकता<br>(D) प्रार्थना का निशब्द होना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | *[कौशल : बोध-अवबोध]* | |
| 50 | *'जो <u>अगोचर</u> कर चलाते हैं जगत को'*<br><br>उपर्युक्त पंक्ति में रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।<br>(A) व्यर्थ<br>(B) शांत<br>(C) अनुनय<br>(D) अप्रत्यक्ष<br><br>*[कौशल : बोध-अवबोध]* | |

**Marking Scheme**

| | | |
|---|---|---|
| 46 | **Correct Answer:** C<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कवि के अनुसार शब्दों में अर्थ का होना अनिवार्य है। प्रार्थना में अर्थ के बिना शब्दों का कोई अस्तित्व नहीं होता है। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि के अनुसार शब्दों में अर्थ का होना अनिवार्य है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि के अनुसार शब्दों में अर्थ का होना अनिवार्य है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कवि के अनुसार शब्दों में अर्थ का होना अनिवार्य है। | |
| 47 | **Correct Answer:** B<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | |
| 48 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि प्रार्थना से अहंकार नहीं मिलता है। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रार्थना से अहंकार नहीं मिलता है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रार्थना से अहंकार नहीं मिलता है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रार्थना से अहंकार नहीं मिलता है। | |
| 49 | **Correct Answer:** A<br>यह विकल्प सही है क्योंकि कवि के अनुसार प्रार्थना के शब्दों में जो अर्थ होता है, वही सार्थक होती है। | 1 |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि अर्थहीन शब्दों से प्रार्थना अस्पष्ट हो जाएगी। | |

| | | |
|---|---|---|
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि प्रार्थना में शब्द अधिक होने चाहिए, यह भाव कविता में नहीं आया है। | |
| | D: यह विकल्प गलत है क्योंकि बिना शब्दों के प्रार्थना अस्पष्ट होगी। | |
| 50 | **Correct Answer:** D<br>यह विकल्प सही है क्योंकि अगोचर का अर्थ होता है, जिसे सहज रूप से देखा न जा सके। | 1 |
| | A: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह निष्फल का अर्थ है। | |
| | B: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह नीरव का अर्थ है। | |
| | C: यह विकल्प गलत है क्योंकि यह प्रार्थना का अर्थ है। | |



Board of School Education Haryana, Bhiwani